रोहतक
शनिवार, 23 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 203
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.2
न्यून. 24.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,306.85 | 693.86 ▼ |
| निफ्टी | 24,810.10 | 213.65 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,370/- | 250/- ▼ |
| चांदी | 1,15,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.52 | 27 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.46 बैरल 0.31% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## विधानसभा मानसून सत्र का पहला दिन : विपक्ष का काम रोको प्रस्ताव मंजूर

बीएसी की बैठक में फैसला, अब 27 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

# मनीषा की मौत पर घमासान कांग्रेसियों ने तख्तियां लहराईं

विस स्पीकर ने सदन के बीच में ही की सर्वदलीय बैठक, बनी सहमति | कांग्रेस विधायकों ने वेल में नारे लगाए, 6 बार सदन स्थगित हुआ | स्पीकर की चेतावनी के बाद भी नहीं माने विपक्षी विधायक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में मानसून-सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा हुआ। भिवानी की शिक्षिका मनीषा की मौत और कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर शोरगुल मचाया। विपक्षी सदस्य सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने तख्तियां और पोस्टर लहराए। कांग्रेस ने मनीषा की मौत और कानून व्यवस्था को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर चर्चा की मांग करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा किया। वह 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के पोस्टर लेकर वेल में आ गए और कार्यवाही नहीं चलने दी। हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण को 4 घंटे में 6 बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अंत में यह प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया। इस पर अब 26 अगस्त को चर्चा होगी। इससे पहले सदन में शोक प्रस्तावों और दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शोक प्रस्तावों में गुजरात अहमदाबाद के विमान हादसे में मृतकों, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, राजनेताओं और उनके रिश्तेदारों के निधन पर सदन के नेता सीएम नायब सैनी, नेता विपक्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, इनेलो की ओर से आदित्यदेवीलाल, विस अध्यक्ष हरविंद कल्याण ने शोक प्रस्ताव पढ़े। शुक्रवार को दोपहर दो बजन सत्र की शुरुआत हुई। इसके ठीक पहले बीएसी की बैठक हुई और 27 तक यह सत्र चलाने का फैसला हुआ। इसकी जानकारी बाहर आकर वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने मीडिया को दी।



### सत्ता पक्ष ने लगाए वंदेमातरम के नारे

कांग्रेस के हंगामे के बीच भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारों के साथ सत्तापक्ष की बेचों से भी शोरगुल की शुरुआत हो गई। विपक्षी शिक्षिका मनीषा की मौत मामले पर तुरंत चर्चा कराने की जिद पर अड़े थे, स्पीकर ने अपने स्थान पर जाने की बार-बार चेतावनी दी, लेकिन कांग्रेस के विधायक अड़े रहे। देर शाम को छह बजे तक सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका, चार बार तीस तीस मिनट अर्थात दो घंटे और दो बार बीस-बीस मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित हुई। इस बीच मामला शांत नहीं होते देख विस अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुला ली। तीन बार वक्त इस बैठक के कारण बढ़ाना पड़ा।

### हुड्डा-सैनी के बीच में तीखी बहस

सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच में सदन में तीखी बहस हुई। सदन के नेता नायब सिंह सैनी ने इस दौरन कांग्रेस शासनकाल की याद दिलाते हुए अपनाघर कांड अन्य घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया। सीएम ने कहा कि भिवानी की बेटी के मामले में हम चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। सैनी द्वारा कांग्रेस के शासनकाल में एफआईआर तक दर्ज नहीं होने के आरोप लगाए, तो पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पर आपत्ति उठाई साथ ही कहा कि उनके कार्यकाल में हर मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की पहल की थी।

### भुक्कल के प्रस्ताव पर चर्चा 26 को



विधानसभा स्पीकर ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सदन की कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। बैठक के दौरान प्रश्नकाल को टाल दिया गया। साथ ही विधायक गीता भुक्कल द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर लाए गए प्रस्ताव को स्पीकर ने स्वीकृति देते हुए इस पर मंथन के लिए इजाजत दे दी। कानून व्यवस्था को लेकर लाए गए इस प्रस्ताव 26 अगस्त को चर्चा का दिन तय किया गया है।

### सदन में शांति का माहौल बनाए रखने की अपील

देर शाम को सदन में हंगामे शोरगुल के बाद में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। विस स्पीकर ने अपने चैंबर में सवर्दलीय बैठक बुलाकर माहौल को शांत करने और कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल, इनेलो की ओर से विधायक अर्जुन चौटाला व निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल ने हिस्सा लिया। इस दौरान सदन में शांति का माहौल बनाए रखने की अपील के साथ ही पहले प्रश्नकाल चलने देने के बाद में काम रोको प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा, लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा हुआ था।

### सीएम सैनी ने कांग्रेस विधायक पर तंज कसा

सदन में कुरुक्षेत्र के थानेसर से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा के साथ दुर्व्यवहार का मुद्दा उठा। इस पर सीएम नायब सैनी ने कहा- इनका जिस पार्षद पति से झगड़ा हुआ है, वह इनका मित्र है। ये एक ही थाली में खाना खाते थे। इस पर अशोक अरोड़ा ने आपत्ति जताई। हालांकि स्पीकर के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत कराया गया। कांग्रेस के 37 विधायक लगातार चौथी बार बिना विधायक दल नेता के विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए।

(पेज दो भी देखें)

पीएम मोदी बोले, अब भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी

# जेल जाए कर्मचारी तो निलंबन फिर नेता क्यों चलाएं सरकार

गया/कोलकाता (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार और पश्चिम बंगाल को दौरा किया। दोनों राज्यों को करोड़ों की सौगात दी। इस दौरान मोदी ने तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर भ्रष्टाचार का बचाव करने और सार्वजनिक जीवन में शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाए गए विधायी कदमों का विरोध करने का आरोप लगाया। मोदी ने संसद में पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और उनकी कुर्सी भी जाएगी। मोदी ने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि एक सरकारी कर्मचारी जेल जाने पर सस्पेंड हो जाए, लेकिन एक मुख्यमंत्री या मंत्री जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पाए। बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह ने 20 अगस्त को लोकसभा में एक संविधान संशोधन बिल पेश किया है, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को 30 दिन या उससे अधिक समय तक जेल में रहने पर पद पर बने रहने से रोकने का प्रावधान है। मोदी ने कहा जब हम एक सख्त कानून लेकर आए, तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस ने विरोध करना शुरू कर दिया। वे इसलिए नाराज हैं, क्योंकि उन्हें अपने पापों की सजा मिलने का डर है।'

(पेज 5 भी देखें)

### पीएम का केजरीवाल पर तंज



पीएम मोदी ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि कुछ समय पहले, हमने देखा कि कैसे जेल से फाइलों पर हस्ताक्षर किए जा रहे थे और कैसे जेल से सरकारी आदेश दिए जा रहे थे। 'यह शर्म की बात है कि एक मुख्यमंत्री जेल जाने के बाद भी वहीं से सरकार चला रहा था। अगर नेताओं का ऐसा रवैया है तो हम भ्रष्टाचार से कैसे लड़ सकते हैं। एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लेकर आई है और प्रधानमंत्री भी इसके दायरे में आते हैं।

# बिहार मतदाता सूची से बाहर हुए लोग आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों के साथ जुड़वाएं नाम

नई दिल्ली (ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही एसआईआर (वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश दिया कि वह हटाए गए वोटर्स को लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए फिजिकली या ऑनलाइन आवेदन की अनुमति दें। इसके लिए आधार कार्ड समेत फॉर्म 6 में दिए गए 11 दस्तावेज में से कोई भी जमा किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को मामले पर चुप्पी साधने के लिए भी फटकार लगाई और पूछा कि मतदाताओं की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जिनके नाम कटे हैं वे फिजिकली या ऑनलाइन करें आवेदन



एसआईआर मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देश परिक्रिया को मतदाता के अनुकूल बनाएं

**हैरानी : 1.60 लाख से ज्यादा बूथ एजेंट, लेकिन आपत्तियां सिर्फ 2**

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- राजनीतिक दलों की निष्क्रियता हैरान करने वाली है। राज्य की 12 पॉलिटिकल पार्टियों में से यहां मात्र 3 पार्टियां ही कोर्ट में आई हैं। कोर्ट ने हैरानी जताई कि राजनीतिक दलों के लगभग 1.6 लाख बूथ लेवल एजेंट होने के बावजूद, उनकी ओर से केवल दो आपत्तियां आई हैं। कोर्ट ने कहा बिहार की सभी 12 पार्टियों को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी करने चाहिए कि वे लोगों की मदद करें।

**अहम फैसला**
आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थलों पर खाना नहीं खिलाएं

# आवारा कुत्तों को नसबंदी-टीकाकरण के बाद आश्रय स्थलों से छोड़ें : सुप्रीम कोर्ट

### दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे देश में लागू होगा नियम

नई दिल्ली (भाषा)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों से छोड़ने पर रोक संबंधी अपने निर्देश को बहुत कठोर बताते हुए शुक्रवार को इसमें संशोधन किया। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी-टीकाकरण और कृमिहरण के बाद वापस उन्हीं क्षेत्रों में छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को इसमें पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह फैसला पूरे देश में लागू होगा।



नगर निगम कुत्तों को खिलाने के लिए अलग से जगह बनाए, सभी अदालतों में लंबित केस सुको में ट्रांसफर करें

**11 अगस्त के निर्देश फिलहाल स्थगित**

पीठ में न्यायमूर्ति नाथ के अलावा न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया भी शामिल हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि नगर निगम अधिकारी दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद व गुरुग्राम से आवारा कुत्तों को उठाने व उनके लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने के 11 अगस्त के निर्देश का पालन करना जारी रखेंगे। आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के दो न्यायाधीशों की पीठ के 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा।

**याचिका में शामिल व्यक्ति 25000 व एनजीओ 2 लाख जमा करवाएं**

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से अन्यत्र ले जाए जाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने वाले कुत्ता प्रेमियों (डॉग लवर्स) और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर क्रमशः 25,000 रुपये और दो लाख रुपये जमा करवाएं। इस धनराशि का उपयोग संबंधित नगर निकायों के तत्वावधान में आवारा कुत्तों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण और अन्य सुविधाओं में किया जाना चाहिए।

### ऑनलाइन गेमिंग बिल बना कानून, उल्लंघन पर होगी जेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेश) बिल 2025' को मंजूरी दे दी है। यह बिल संसद के दोनों सदनों से इस हफ्ते ही पास हुआ था। इस कानून का मकसद ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, लेकिन ऑनलाइन पैसे वाले गेम्स पर पूरी तरह से रोक लगाना है। सरकार का कहना है कि इस कदम से नशे की लत, आर्थिक नुकसान और आत्महत्या जैसे खतरों को रोका जा सकेगा। साथ ही, ई-स्पोर्ट्स को अब कानूनी मान्यता मिलेगी।

राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, ऑनलाइन पैसे वाले गेम पर पूरी तरह से रोक

### मोदी-पुतिन समेत दुनिया के 20 नेता एससीओ में भाग लेंगे

बीजिंग (भाषा)। चीन ने शुक्रवार को कहा कि इस महीने के अंत में तियानजिन में आयोजित होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन इस समूह के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें पीएम नरेन्द्र मोदी सहित दुनिया के 20 नेता भाग लेंगे। सम्मेलन का 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजन होगा। दस सदस्यीय समूह की तियानजिन बैठक चीन द्वारा आयोजित पांचवां शिखर सम्मेलन है। चीन के सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने यहां प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

चीन ने की पुष्टि, कहा-तियानजिन में होगा सम्मेलन

### प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविन्दर भल्ला का निधन

चंडीगढ़ (भाषा)। कैरी ऑन जट्टा और जट्ट एंड जूलियट जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से दुनियाभर के पंजाबी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला का शुक्रवार सुबह मोहाली के एक निजी अस्पताल में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पारिवारिक मित्र ने यह जानकारी दी। अभिनेता ने फोर्टिस अस्पताल में सुबह करीब 4 बजकर 35 मिनट पर अंतिम सांस ली। भल्ला के मित्र बाल मुकुंद शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले अभिनेता को बीमार पड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



**नमन** सबसे अमीरों में शुमार पॉल ने 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

*पॉल का जन्म आजादी से पहले 1931 में जालंधर में हुआ था*

# उद्यमिता एवं परोपकार की विरासत छोड़ गए लॉर्ड स्वराज पॉल का ब्रिटेन में निधन

नई दिल्ली (भाषा)। जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल अपने पीछे उद्यमिता एवं परोपकारी कामों की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी, 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे। आजादी के बाद उनका परिवार कुछ दिन हरियाणा में भिवानी के चांग गांव में भी रहा। पॉल के पिता बाल्टियों और अन्य कृषि उपकरणों सहित इस्पात के सामान बनाने के लिए एक छोटा सा ढलाईखाना चलाते थे। पॉल ने इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की जो एक विविध कारोबार इकाई है। वर्ष 1966 में स्वराज पॉल अपनी बेटी के कैंसर का उपचार करवाने के लिए ब्रिटेन गए। 4 साल की बेटी तो नहीं बची, लेकिन वो वहीं बस गए। उन्होंने बेटी के नाम से अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की। फाउंडेशन के जरिए बच्चों, युवाओं अन्य योजनाओं के लिए दान किया।



आजादी के बाद उनका परिवार भिवानी चांग गांव में बसा

### पीएम मोदी ने शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट डाली। जिसमें उन्होंने एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल की एक फोटो भी सांझा की और लिखा- श्री स्वराज पॉल जी के निधन से अत्यंत दुःखी हूं। ब्रिटेन में उद्योग, परोपकार और जनसेवा में उनके योगदान, और भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए उनके अटूट समर्थन को सदैव याद रखा जाएगा। उनके साथ हुई कई मुलाकातें याद आती हैं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ॐ शांति।"

वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़ें रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 15 / Hin

## खबर संक्षेप

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा अवधि बढ़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा अवधि 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा पहले इन कर्मचारियों की सेवा अवधि 1 जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक बढ़ाने के आदेश जारी किए गए थे।

### भाखड़ा के पानी को लेकर सरकार का दावा और हकीकत अलगः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि लोकसभा में उनके द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जल शक्ति मंत्रालय ने दावा किया है कि हरियाणा में किसानों को सिंचाई जल आपूर्ति पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ा और भाखड़ा नहर प्रणाली से रोटेशनल प्रोग्राम के अनुसार पानी की आपूर्ति हो रही है। लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है। सांसद ने कहा कि किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लिया जाए और केंद्र तथा राज्य सरकारें मिलकर पानी वितरण की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्राप्त होने वाला सिंचाई पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा। सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र में कल ही किसानों ने एक खाली नहर में दौड़कर विरोध प्रदर्शन किया है।

### ई-भूमि नीति किसानों की जीवनरेखा बनी

**चंडीगढ़।** सरकार ने स्पष्ट किया कि ई-भूमि नीति के अंतर्गत किसानों की इच्छा के विरुद्ध कोई भूमि अधिग्रहित नहीं की गई है। सरकार ने जोर देकर कहा कि यह नीति न केवल पारदर्शी है बल्कि उन किसानों के लिए वरदान है, जो सार्वजनिक विकास परियोजनाओं के लिए स्वेच्छा से अपनी भूमि बाजार दरों पर बेचना चाहते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि ई-भूमि पहली बार वर्ष 2017 में अधिसूचित की गई थी और 9 जुलाई, 2025 को संशोधित की गई। इसने वर्ष 2013 के केंद्रीय अधिनियम के तहत होने वाले विवादित अनिवार्य भूमि अधिग्रहण की प्रथा को समाप्त कर दिया। पहले की व्यवस्था में किसान अक्सर खुद को बेदखल महसूस करते थे, जबकि वर्तमान नीति पूरी तरह किसान की सहमति पर आधारित है।

### मानसून सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा, सवाल-जवाब में उलझे नेता

# मृतक बेटी के नाम पर राजनीति बंद करे विपक्ष कांग्रेस राज में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मनीषा बेटी के मामले पर राजनीति करना बंद करें। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल अनावश्यक हंगामा कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, जबकि इस विषय पर प्रश्नकाल में सवाल पहले से ही सूचिबद्ध है और उस पर चर्चा भी होनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि भिवानी की बेटी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में जमीन आसमान का अंतर है।

कांग्रेस राज में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर थी। उस समय तो एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी, जिससे पीड़ित दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होते थे। इनके विपरीत आज तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष दिखावा कर रहा है, जबकि जनता को कांग्रेस के कृत्य अच्छी तरह याद हैं। इस बार सदन में कुछ युवा विधायक चुनकर आए हैं, जिन्हें शायद अंदाजा भी नहीं होगा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति शर्मनाक थी।



### सत्र के दौरान तीन विधेयक प्रस्तुत किए

हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान तीन विधेयक प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत किए गए विधेयकों में हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों के बाह्य क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं।

### साइकिल या ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचने का आह्वान

विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए सभी विधायकों से 26 अगस्त को साइकिल या ई-रिक्शा से पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज और सरकार को मिलकर प्रयास करने होंगे। इस दिशा में 26 अगस्त को सदन के सभी सदस्य साइकिल या ई-रिक्शा से पहुंचकर इस दिशा में सहयोग करें। विधायकों को उनके आवास या एमएलए हॉस्टल से विधान सभा भवन तक लेकर आने के लिए साइकिल या ई-रिक्शा का प्रबंध विधान सभा सचिवालय की ओर से किया जाएगा।

**बैठक**

### सर्वदलीय बैठक हुई, कार्यवाही को सुचारू चलाने पर सहमति बनी

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, सामाजिक कल्याण एवं अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार, विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक गीता भुक्कल, विधायक सावित्री जिंदल और विधायक अर्जुन चौटाला शामिल रहे। कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक के बाद 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। बैठक में आज की कार्यवाही में आई बाधा को दूर करने तथा भविष्य में कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी।



### मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष की सूझबूझ से आगे बढ़ी सदन की कार्यवाही

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस की ओर से कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हंगामा, शोरगुल व वेल में आने और बार बार समझाने के बाद भी शांत नहीं होने के घटनाक्रम के बावजूद सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सैनी मंद मंद मुस्कुराते हुए पूरी बात सुनते रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल की याद दिलाई कई घटनाओं का जिक्र भी किया। लेकिन स्पीकर के साथ में चर्चा कर सदन में कामकाज को आगे बढ़ाए जाने की पहल के लिए विपक्षी सदस्यों को बुलाकर समझाया साथ ही संयम के साथ में विपक्ष को स्पीकर और सीएम ने अंदर चैंबर में बुलाकर पूरी बात सुनी साथ ही कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए सहमति दी।

## पूर्व राज्यपाल, शहीदों के सम्मान में शोक प्रकट किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई। सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के अलावा भूपेंद्र सिंह हुड्डा और आदित्य देवीलाल ने पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों, अधिकारियों, मीडियाकर्मियों और सदन में मौजूद सभी कर्मचारियों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की। सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें जम्मू और कश्मीर, मेघालय, गोवा, ओडिशा और बिहार के भूतपूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, हरियाणा विधानसभा भूतपूर्ण सदस्य इन्द्र नैन, हरि राम बाल्मीकि और जिला रेवाड़ी के कोसली के स्वतंत्रता सेनानी मंगल सिंह शामिल हैं। सदन में 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे 26 निर्दोष लोगों के दुःखद एवं असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। सदन ने हमले की कड़ी निन्दा की और दिवंगतों के शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट की। इसके अलावा, सदन में 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए 260 व्यक्तियों, जिनमें गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी थे, की असामयिक मृत्यु पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया। सदन में अदम्य साहस व वीरता दिखाते हुए मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 43 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया।

## उद्यमियों को राहत देने वाले महत्वपूर्ण कदम

**चंडीगढ़।** हरियाणा भर के हजारों उद्यमियों को राहत देने वाले एक महत्वपूर्ण कदम में, मुख्यमंत्री नायाब सिंह ने हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों से बाहर नागरिक सुविधाओं और अवसंरचना की कमी वाले क्षेत्रों का प्रबंधन (विशेष प्रावधान) संशोधन विधेयक, 2025 चालू विधान सेशन में पेश किया जाएगा। यह अभूतपूर्व कानून अनधिकृत औद्योगिक प्रतिष्ठानों को नियमित करने के साथ-साथ इन क्षेत्रों में आवश्यक नागरिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। सरकार एक उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन पोर्टल बनाएगी जहां उद्यमी अपनी औद्योगिक इकाइयों के नियमितीकरण के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। यह डिजिटल दृष्टिकोण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा और इसे राज्य भर के व्यापार मालिकों के लिए अधिक सुलभ बनाएगा। मानवीय दृष्टिकोण से, आवेदन जमा करने की तारीख से सरकार द्वारा अंतिम निर्णय लेने तक आवेदकों के खिलाफ सभी दंडात्मक कार्रवाई निलंबित कर दी जाएगी, जो अनिश्चितता में काम कर रहे व्यापार मालिकों को राहत प्रदान करेगी। कम से कम 10 एकड़ सन्निहित भूमि पर काम करने वाले कम से कम 50 उद्यमियों के समूह आवेदन कर सकते हैं, जिससे समीक्षा अवधि के दौरान उनकी इकाइयों को सभी विभागों द्वारा वैध औद्योगिक प्रतिष्ठान माना जाएगा। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि औद्योगिक क्लस्टर नियमितीकरण प्रक्रिया से लाभ उठा सकें।

## आयुष्मान और चिरायु योजना के 225 करोड़ रुपये जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार आयुष्मान भारत-हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण के माध्यम से राज्य में 45 लाख से अधिक पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इनडोर उपचार प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और चिरायु को क्रियान्वित कर रही है। प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक, जून 2025 के दूसरे सप्ताह तक जमा किए गए दावों का भुगतान किया जा चुका है। योजना की शुरुआत से अब तक अस्पतालों को 3,100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 18 अगस्त, 2025 तक केंद्र और राज्य सरकारों से लगभग 480 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं और पात्र दावा निपटान के लिए इसका पूर्ण उपयोग किया गया है। 5 अगस्त, 2025 से राज्य के सूचीबद्ध अस्पतालों को 225 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

### 291 करोड़ रुपये मंजूर

चिरायु योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के लंबित भुगतान के लिए राज्य सरकार द्वारा 291 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करने की मंजूरी दी गई है। हाल ही में विभिन्न जिलों से आयुष्मान/चिरायु कार्ड के माध्यम से निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की कहानियां सामने आई हैं।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उ0रे0, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समयं एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी।

| निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/राशी App Cost (रू.में) | बिड सिक्युरिटी/धरोहर राशी (रू. में) | कार्य समापन अवधि (गाह गे) | निविदा प्रपत्र की लगत | निविदा बंद होने की तिथि एवं रागय |
|---|---|---|---|---|---|
| NR-UMB-Proj-Civil-27205 उत्तर रेलवे की परियोजना | 192.14 लाख | 2,46,100/- | 12 Twelve | कुछ नहीं (निल) | 22.09.2025 को 15:00 बजे तक |
| (2x25 के वि०) के सम्बन्ध में अम्बाला छावनी में सर्विस एवं रिहायसी भवनों की रिपेयर/ रख रखाव, अधिकारी रेस्ट हॉउस तथा अधीनस्थ रेस्ट हॉउस में अतिरिक्त तथा परिवर्तन कार्य एवं विविध/ सम्बद्ध कार्य. | | | | | |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (बिड सिक्यूरिटी) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके सम्बन्ध में योग्य निविदादाता स्वयं/फर्म को रजिस्टर्ड कर निविदा भरते समय उपयोग कर सकते है एवं जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः** – तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। **निविदा सूचना क्रमांकः NR/Proj/UMB/Civil/Advt./01 तारीखः 21.08.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2566/25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

### गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीपा पत्नी सुरेश कुमार निवासी गाँव मादुवाला, थाना सदर टोहाना, जिला फतेहाबाद, दिनांक 23 जुलाई 2025 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**गुमशुदा महिला का हुलिया निम्नलिखित है:**
नामः दीपा
उम्रः लगभग 30 वर्ष
कदः लगभग 5.6 फीट
रंगः गोरा
चेहराः गोल
पहनावाः लाल रंग का सुट- सलवार व चप्पल पहने हुए है।
जिस किसी सज्जन को उपरोक्त महिला के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:

**संपर्क करें:**
**थाना सदर फतेहाबाद**
**मोबाइल नं.:**
**प्रबन्धक अफसर थाना सदर फतेहाबाद**
**88140-11711, अनुसंधान कर्ता 9992883310**
**या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।**
**आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।**

पीआरडीएच 1084/11/3784/2026/37946/88/6 दि. 22.08.2025



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1433

हमकि (1) रणसिहं पुत्र रघबीर पुत्र हरचन्द व (2) बीरमती विधवा व (3) जयवीर पुत्र राजेन्द्र पुत्र रघबीर सिहं व (4) सुनील विधवा व (5) करिशमा (6) करीना पुत्रीयान व (7) नीरज पुत्र श्रीभगवान पुत्र रघबीर, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 1587 विरासत, 1687, 1691 तबादला के अनुसार खेवट न0 327 मिन/270, खाता न0 333 मिन, मु0 न0 15, किला न0 23(8–0), 24/1(1–16), मु0 न0 24, किला न0 25/2(7–1), मु0 न0 28, किला न0 3/1(3–2), मु0 न0 33, किला न0 11(8–0), मु0 न0 35, किला न0 7(8–13), किते 6, तादादी रकबा 36 कनाल 12 मरले का 143/183 भाग, बकदर 28 कनाल 12 मरले (जिसमें रणसिहं 7/61 भाग व बीरमती 1/24 भाग व जयवीर 7/24 भाग व सुनील – करिशमा – करीना – नीरज हर चार समभाग 1/3 भाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से 2/183 भाग, बकदर 0 कनाल 8 मरले (0.05 एकड़) (जिसमें रणसिहं 2/549 भाग व बीरमती 1/2196 भाग व जयवीर 7/2196 भाग व सुनील – करिशमा – करीना – नीरज हर चार समभाग 2/549 भाग) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल को मु0 न0 15, किला न0 23 मिन उत्तर पश्चिम (0–8), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 8 मरले (0.05 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्गवाही करेगा।

दिनांक : 22.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

"E-Tender Notice"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1 | Replacement of 28 Ton capacity vacuum crystallizer by 40 ton. | 2025_HBC_467077_1 |
| 2. | Contract of removal of leaky, Jammed and damaged SS tubes and their replacement with hydraulic Testing of juice heaters, evaporator bodies, FFE's and pans.. | 2025_HBC_467091_1 |
| 3. | AMC, Repairing/ Overhauling of Mill Turbine AP Bellis Make 2 nos., Feed Pump Turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_467100_1 |
| 4. | Re-Shelling and De-Shelling of under feed rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_467121_1 |
| 5. | Supply, dismantling of old tubes, fabrication and erection of new tubes along with trial (Air Pre Heater) of boilers no.I | 2025_HBC_467147_1 |
| 6. | Regarding Complete rewiring of main ACB Control Panel, Power Generation Control and Safety System of 3mw BHEL make alternator and AVR's | 2025_HBC_467157_1 |
| 7. | Contract for Complete Operation and Maintenance of Sugar Plant of 2200 TCD for off seasons 2025, and crushing seasons 2025-26. | 2025_HBC_467129_1 |

All the tenders will be available on e-tendering https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 27.08.2025 at 10.05 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 28.08.2025 at 9:30 A.M. and the negotiation will be held on 28.08.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/-Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,
Sonipat



## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 13.08.2025 के तहत भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा जो पूर्व में 17.08.2025 (सायंकालीन सत्र) को निर्धारित थी, को स्थगित कर दिया था। अब, आयोग ने भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रेफेसर के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 13.09.2025 पूर्वा. 10:00 से अप. 01:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.09.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :–**
1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 22.08.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद–1156/13/348/2026/37960/88/6 दि. 22.08.25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 218 दिनांक 25.07.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम - राजेन्द्र
पिता/पति-
पता - निवासी कलानौर जिला रोहतक
उम्र- 25 वर्ष
कद- 5 फुट 5 ईंच ।
हुलिया - रंग साफ, गोल चेहरा, मजबूत शरीर।
पहनावा - ब्राउन रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 25.07.25 को राजेन्द्र निवासी कलानौर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9991068868

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 353 दिनांक 21.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम - परमजीत
पिता/पति- पुत्र सत्यप्रकाश
पता - निवासी लक्ष्मणपुरी कालोनी रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहआ, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - पैंट शर्ट व जूते पहने हुए है ।

दिनांक 21.08.25 को परमजीत पुत्र सत्यप्रकाश निवासी लक्ष्मणपुरी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक 7027387551

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 311 दिनांक 21.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम - दिव्या
पिता/पति- पत्नी बिजेन्द्र
पता - निवासी गांव अजायब जिला रोहतक
उम्र-38 वर्ष
कद - 5 फुट 3 ईच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा।
पहनावा - सफेद रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है ।

दिनांक 21.08.25 को दिव्या पत्नी बिजेन्द्र निवासी गांव अजायब जिला रोहतक अपनी 4 साल की बेटी साक्षी को साथ लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9628270142

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 363 दिनांक 21.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम – कमल कपूर
पिता/पति - पुत्र स्वं घनश्याम
पता - निवासी शिवाजी कालोनी रोहतक
उम्र- 52 वर्ष
कद- 5 फुट 1 ईच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - पैंट शर्ट पहने हुए है ।
अपनी पत्नी बबीता 45 चले जाने पर उपरोक्त यदि किसी थाना में या दिनांक 21.08.25 को कमल कपूर पुत्र स्वं घनश्याम निवासी शिवाजी कालोनी रोहतक अपनी पत्नी बबीता पुत्र अभिषेक 25 वर्ष व पुत्री कशिश 21 वर्ष के साथ बिना किसी को बताए कहीं चले जाने का उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 8814038021

पीआरडीएच-1084/11/3787/2026/37955/88/6 दि. 22.08.2025

# 12वीं के छात्र ने किया शिक्षक पर हमला, सिर पर पंच मारा

■ क्लास में दूसरे छात्रों को तंग करने पर शिक्षक ने प्रिंसिपल से की थी आरोपी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव ढाणा लाडनपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा के छात्र ने टीचर पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। इस हमले से शिक्षक के सिर में गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल लाया गया। वहीं पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है। दूसरी तरफ छात्र के हमले के बाद शिक्षकों में भय एवं रोष व्याप्त है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन शिवकुमार ने बताया कि वह गांव ढाणा लाडनपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर अध्यापक बच्चों को पढ़ा रहा था । तभी 12वीं कक्षा में छात्र नीतिन ने पास में बैठे दूसरे छात्र को उठाकर अपना बैग मार दिया। इस पर उसने छात्र को ऐसा करने पर टोका तो छात्र बोला कि इंज्वाय कर रहे हैं। इसके बाद छात्र को टीचर पकड़कर प्राचार्य कक्ष में ले गया। जहां प्राचार्य ने बच्चे से कहा कि अगर पढ़ाई नहीं करनी है तो एसएलसी लेकर चले जाओ। इसके बाद तैश में आकर छात्र ने एसएलसी के लिए आवेदन लिखा और फिर अपने बैग में पंच नुमा नुकीला हथियार लेकर आया। अचानक ही शिक्षक शिवकुमार के सिर पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। जिससे शिक्षक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल शिक्षक शिवकुमार ने कहा कि हमारी मांग है कि सरकारी स्कूलों में सुरक्षित माहौल मुहैया कराया जाए।

■ ढाणा लाडनपुर के राजकीय स्कूल का मामला

■ शिक्षकों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई



**भिवानी।** हमले में घायल शिक्षक।

### सिर में दो जगह जख्म

डॉ. डीके आहूजा ने बताया कि ढाणा लाड़नपुर के टीचर को सिर में चोटें मारने का मामला सामने आया है। टीचर को सिर में दो जगह इंजरी हुई है। हमने आते ही उसका इलाज कर दिया। उनको वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। जांच अधिकारी प्रवेश कुमार ने बताया कि हमारे पास टीचर को सिर में तेज धारदार हथियार से चोट मारने का मामला आया है। वे पूरे मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही पूरे मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

**बच्चे घायल**

## कार से टकराकर स्कूल बस पलटी

**बहादुरगढ़।** गांव पाहसोर में शुक्रवार की सुबह कार की टक्कर लगने के बाद एक निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस संबंध में कार चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। स्कूल बस चालक के मुताबिक, वह खेड़ी जट से पाहसोर की ओर जा रहा था। इस दौरान बस में कुछ ही बच्चे बैठे थे। जैसे ही बस बादली रोड पर चढ़ी तो इसी दौरान एक तेज रफ्तारी कार ने बस के पिछले हिस्से में साइड में टक्कर मार दी। इससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में मौजूद बच्चों को हलकी चोट आई। जिसके बाद परिजन अपने बच्चों को ले गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

**एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के तहत जब्ती तस्करों की तैयार हो रही सूची**

# फतेहाबाद में महिला सहित पांच तस्करों की करोड़ों की संपति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अब सिर्फ जेल नहीं, अवैध कमाई पर भी पड़ेगा ताला। इसी संदेश के साथ फतेहाबाद पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त पांच कुख्यात तस्करों की करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई पूरी कर दी है। ये कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चल रही जिला स्तरीय नशा विरोधी मुहिम का बड़ा हिस्सा है। इन तस्करों की संपत्तियां एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के तहत अटैच की गई हैं, और पूरी रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को सौंप दी गई है। यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि अब नशे का धंधा करने वालों को न कानूनी राहत मिलेगी, न आर्थिक सहारा।

■ पुलिस ने वाहन, घर व गहने भी किए जब्त

जिला पुलिस द्वारा जिन तस्करों की सम्पति जब्त की है उनमें विनोद कुमार पुत्र मन्दरूप उर्फ मनरूप निवासी खाबड़ा कलां के ट्रैक्टर, कार, मोटरसाइकिल, स्कूटी, बोलेरो पिकअप, ज्वेलरी, नगदी जब्त की गई है जिनकी अनुमानित कीमत 41 लाख 32 हजार रुपये है। इसके अलावा महंगा सिंह पुत्र राज सिंह निवासी बदलपुर, पटियाला के खिलाफ थाना शहर टोहाना में केस दर्ज किया है। इस पर पुलिस ने उसकी 16 लाख कीमत के रिहायशी मकान को जब्त किया है। इसके अलावा महेन्द्र सिंह उर्फ मिन्दू पुत्र प्रीतम सिंह निवासी लोहा खेड़ा की क्रेटा कार व मकान को कब्ज किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 30 लाख है। जिला पुलिस ने बबलू पुत्र गुरमुख निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद की स्कॉर्पियो गाड़ी, मारुति विटारा और ट्रैक्टर को जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 28 लाख है। एक अन्य मामले में पुलिस ने नछत्तरो पत्नी रोशन लाल निवासी नन्हेड़ी के मकान और कार को जब्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख है। इस कार्रवाई को अंजाम देने में अपराध शाखा, साइबर सेल और जिला खुफिया इकाई की संयुक्त टीम ने दिन-रात एक कर गहन जांच की। संपत्तियों की पहचान कर वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई।

### अवैध संपत्तियों पर सीधा प्रहार होगा : जैन



एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी से काम नहीं चलेगा। नशा बेचने वालों की अवैध संपत्तियों पर सीधा प्रहार होगा। जब तक इनकी कमाई के स्त्रोत नहीं तोड़े जाएंगे, तब तक नशे का नेटवर्क खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की सूची तैयार है और अगली कार्यवाहियां भी जल्द होंगी। हर नशा तस्कर को यही संदेश है या तो नशा छोड़ो, या सब कुछ खोने के लिए तैयार हो जाओ। फतेहाबाद पुलिस ने आमजन से भी आह्वान किया है कि वे नशा तस्करी या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## एल्विश यादव के घर फायरिंग करने के आरोपी का एनकाउंटर

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम में यूट्यूबर और बिग बॉस विनर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग करने वाले आरोपी की शुक्रवार फरीदाबाद में पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली। इससे वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। ये मुठभेड़ शुक्रवार सुबह 4 से 5 बजे के बीच ग्रेटर फरीदाबाद में गांव फरीदपुर-नीमका रोड पर हुई। आरोपी इशांत उर्फ इशू गांधी फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक इशांत गांधी पर कई मामले दर्ज हैं।दरअसल, 17 अगस्त को एल्विश के घर पर 24 राउंड फायरिंग हुई थी। घर के दरवाजों, खिड़की और छत की सीलिंग पर गोलियां लगी थीं। फायरिंग करते हुए आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसके बाद से ही पुलिस फायरिंग करने वालों की तलाश में जुटी थी।

## वरिष्ठ पत्रकार मनोज भल्ला का निधन, रस्म क्रिया आज



**रोहतक।** वरिष्ठ पत्रकार मनोज भल्ला का 21 अगस्त को हार्ट अटैक से अकस्मात निधन हो गया। उनकी रस्म क्रिया 23 अगस्त को शाम तीन से चार बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन, पहली मंजिल एम ब्लॉक, विकासपुरी नई दिल्ली में होगी। बता दें कि 21 अगस्त की सुबह उनके आवास पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पीजीआई रोहतक में दाखिला करवाया गया। जहां उन्हें हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। बाद में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, परंतु डॉक्टरों के प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। वह अपने पीछे पत्नी, बेटा व बेटी छोड़ गए हैं। 21 अगस्त की शाम दिल्ली के पंजाबी बाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया था तथा आज उनकी रस्म क्रिया होगी। वरिष्ठ पत्रकार मनोज भल्ला लंबे समय से पत्रकारिकता व अध्यात्म से जुड़े रहे हैं तथा उनके निधन पर मीडिया जगत के साथ विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया।

## बाबा के भेष में आया लुटेरा महिला से बालियां व चेन झपटी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर में एक महिला के साथ भिखारी बनकर आए बाबा ने छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस को दी शिकायत में महिला रेखा ने बताया कि वह गांव सिकंदरपुर की रहने वाली है। वीरवार को वह अपने घर पर साफ-सफाई का काम कर रही थी। उस समय एक युवक आया और भीख मांगने लगा। बाद में आने को कहा, तो 10 रुपए मांगने लगा। उसने कहा कि अभी खुले पैसे नहीं है और अनाज भी सही नहीं किया हुआ। बाद में आकर ले जाना। इस समय घर पर कोई नहीं है, बच्चे अभी स्कूल गए हैं। एक बार के लिए वह चला गया। वह अपने काम में लगी रही। तभी वह चुपके से पीछे से आया और उसकी कानों की बालियां झपटा मारकर तोड़ ली और गले से चेन भी तोड़ ले गया। उसने जाते समय उसके मुंह पर नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह वहीं पर बेसुध होकर गिर पड़ी। महिला के पति अजय कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी रेखा घर पर अकेली थी। बाबा बनकर आया लुटेरा और किसी के घर पर नहीं गया। वह सीधा उनके घर ही आया था। आसपास में उनके परिवार के घर है।

## दुकानदार के बेटे का अपहरण, 60 लाख रुपये वसूलने का आरोप

**सिरसा।** शहर के एक दुकानदार के बेटा का अपरण का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों द्वारा राजेंद्रा बैग हाउस के मालिक सुरेंद्र के बेटे यश से अब तक करीब 60 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। पुलिस को दिए बयान में शहर की भीम कॉलोनी निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी रोड़ी बाजार में राजेंद्रा बैग हाउस के नाम से दुकान है। दुकान में होसल पर स्कूल बैग व अटैची बेचने का काम है। सुरेंद्र का कहना है कि वह पिछले तीन माह से बीमार है, इसलिए उसने दुकान का सारा काम अपने बेटे यश को संभलवा दिया। सुरेंद्र ने बताया कि उसका बेटे कुछ समय पहले गलत संगत का शिकार हो गया, जिनके साथ उसके बेटे की उठना-बैठना था वे क्रिकेट बुक्की व सट्टे का काम करते हैं। उपरोक्त लोगों ने उसके बटे को अपने जाल में फंसा लिया था। अब उसे पता चला है कि उसका बेटे पिछले कुछ समय में जो दुकान में रोजाना की सेल होती थी, वह राशि उपरोक्त लोगों को दे रहा था।

## जज की कोठी में घुसा बंगाल मॉनिटर लिजर्ड, रेस्क्यू किया



**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में उस समय हलचल मच गई जब टोहाना के जज की सरकारी कोठी में अचानक मगरमच्छ जैसा दिखने वाला जीव घुस आया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने घबराकर तुरंत सहारा रेस्क्यू टीम व स्नेक मैन नवजोत सिंह ढिल्लों को सूचना दी। सूचना मिलते ही ढिल्लों और उनकी टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद उस जीव को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। यह पूरा घटनाक्रम उस समय हुआ जब जज मुकेश कुमार अदालत में अपना कार्य देख रहे थे। टीम ने समय रहते कार्रवाई कर दी और जज के कोठी पहुंचने से लगभग 10 मिनट पहले ही रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया। बाद में पुष्टि हुई कि यह जीव दरअसल बंगाल मॉनिटर लिजर्ड था, जिसे आम भाषा में गोयरा कहा जाता है। इसे प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया।



## पीएम मोदी ने गयाजी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# दो ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी और औंटा से सिमरिया 6 लेन पुल का लोकार्पण किया



*बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़ की परियोजनाओं को समर्पित किया*

एजेंसी ▶▶ गया

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। राज्य की सभी प्रमुख पार्टियों ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। मुख्य विपक्ष महागठबंधन के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की ओर से पूरे प्रदेश में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए भी हर रोज कोई न कोई ऐलान कर रही है। पीएम मोदी ने बिहार के गयाजी में तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया और इसके साथ ही उन्होंने कई चुनावी समीकरण को भी साधा। पीएम मोदी ने गयाजी में विभिन्न क्षेत्रों के लिए बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेन गया से दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली से कोडरमा (झारखंड) के बीच बौद्ध सर्किट के लिए शुरू की गई। पीएम मोदी बेगूसराय गए, जहां उन्होंने औंटा-सिमरिया 6 लेन पुल का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लंबा रोड शो भी किया।

**बेगूसराय में लंबा रोड शो किया**

### सौगातों के जरिए पूरे मगध को साधने की कोशिश



### अन्य दल लोक कल्याण पर नहीं सोचते

पीएम मोदी ने गयाजी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में परियोजनाओं की शुरुआत से राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य ढांचे में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के मगध क्षेत्र में पक्के मकान दिए गए, हम देश के हर गरीब परिवार को ऐसे आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और उसके सहयोगी बिहार के लोगों को केवल अपना वोट बैंक समझते हैं। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के शासन में बिहार में कोई बड़ी परियोजना पूरी नहीं हुई, वे कभी लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोचते और जेब भरने में लगे रहते हैं।

### पीएम मोदी के मंच पर नजर आए राजद के दो विधायक

विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मोदी के गया दौरे के दौरान नवादा से राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के मंच पर दिखाई दिए।

### तृणमूल पर पीएम का हमला

#### बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च किया जा रहा



कोलकाता। पीएम बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर रहे। पीएम ने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के 3 नए रूट का शुभारंभ किया और जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मोदी ने कहा कि बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है।

#### बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

पीएम ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गए हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक विकास नहीं होगा।

### पीएम मोदी का बेगूसराय में रोड शो

पीएम मोदी बेगुसराय में हैं, जहां वे जनता के बीच रोडशो कर रहे हैं और सड़क के दोनों तरफ जनता से अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं।

### एनडीए सरकार घुसपैठियों को बाहर करेगी

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को तय करने नहीं देंगे। बिहार के युवाओं का भविष्य घुसपैठियों को बर्बाद करने नहीं देंगे। मैंने डेमोग्राफी मिशन की शुरू करने का संकल्प लिया गया है। घुसपैठियों की बढ़ती संख्या देश के लिए चिंता का विषय है। एनडीए सरकार जल्द ही डेमोग्राफी मिशन की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस और राजद जैसे दल बिहार के गरीबों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं।

### यह धरती चंद्रगुप्त-चाणक्य की यहां का संकल्प खाली नहीं जाता

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता। यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैंने भी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प इसी धरती से लिया था। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है।

### राजद-कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे

बिहार के लोगों को राजद और उनके साथ सिर्फ अपना वोट बैंक मानते हैं। उन्हें गरीबों के मान सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे।

## कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने गाई संघ की प्रार्थना, सदन हुआ हैरान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही के



दौरान सभी को स्तब्ध कर दिया। दरअसल विधानसभा में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के मामले पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान डीके शिवकुमार ने विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' गाकर सभी को हैरान कर दिया। सत्तापक्ष में इससे हड़कंप मच गया। नेतागण तरह-तरह की बातें करने लगे।

### भाजपा ने शिवकुमार पर लगाए आरोप

शिवकुमार ने यह गीत तब गाया जब भाजपा विधायकों ने शिवकुमार पर चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ को 'बढ़ाने' का आरोप लगाया और उन पर बड़े पैमाने पर उन्माद फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि शिवकुमार बंगलूरू हवाई अड्डे पर आरसीबी टीम के आगमन पर उन्हें लेने गए थे और हवाई अड्डे से चिन्नास्वामी स्टेडियम तक पूरी यात्रा के दौरान कन्नड़ झंडा लहराते रहे।

## हिमाचल में फिर गुटबाजी आई सामने

# सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने जमकर की नारेबाजी

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने शिमला से 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' अभियान की शुरुआत की। इस की लॉन्चिंग कांग्रेस दफ्तर राजीव भवन से हुई, जहां प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम, सभी मंत्री, विधायक और कई बड़े नेता मौजूद थे। इस बीच



कांग्रेस की गुटबाजी फिर से सामने आ गई। दो गुटों ने नारेबाजी शुरू कर दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विक्रमादित्य सिंह के समर्थक आमने-सामने आ गए।

**शक्ति प्रदर्शन में बदल गया कार्यक्रम**

यह कार्यक्रम भाजपा सरकार पर हमला बोलने और जनता से जुड़ने के लिए था. 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' के जरिए कांग्रेस यह संदेश देना चाहती थी कि विपक्ष की सरकार लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़कों पर उतरी है, लेकिन मंच से पहले ही कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में राजमार्गों पर श्रद्धालुओं का टोल माफ

महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव के उपलक्ष्य पर भक्तों को तोहफा दिया है। सरकार ने ऐलान किया है कि



गणेश भक्तों को लेकर कोकण जाने वाले वाहन और राज्य परिवहन की बसों को इस बार टोल टैक्स नहीं देना होगा। यह छूट 23 अगस्त से 8 सितंबर तक लागू रहेगी।
उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐलान किया कि टोल माफी मुंबई-बेंगलुरु नेशनल हाईवे, मुंबई-गोवा हाईवे के अलावा पीडब्ल्यूडी और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम की सड़कों पर भी लागू होगी।

## सीएम रेखा के कार्यक्रम में फिर हंगामा

# गांधीनगर में की गई नारेबाजी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है।



जनसुनवाई में मुख्यमंत्री पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

## मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन की तबीयत बिगड़ी, एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में 91 वर्षीय कोकिलाबेन भर्ती हुईं। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल लाया गया। वह रिलायंस समूह के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी हैं। कोकिलाबेन की उम्र को देखते हुए उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। डॉक्टरों ने अभी तक उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें शुक्रवार की सुबह एयरलिफ्ट किया गया था।

### टैरिफ संकट के बीच 29 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान-चीन की यात्रा पर रहेंगे पीएम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रूस से कच्चे-तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत 29 से 30 अगस्त तक जापान से होगी और उसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती हैं।

### संसद की सुरक्षा में चूक, दीवार फांदकर कैंपस में घुसा युवक, सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए उसकी दीवार फांदने की कोशिश कर रहे 20 साल के युवक को शुक्रवार को सुबह सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान यूपी के भदोही निवासी रामकुमार बिंद के रूप में हुई है जो गुजरात के सूरत में एक कारखाने में काम करता है और मानसिक रूप से ठीक नहीं लगता है। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने भी इसकी पुष्टी की है।

## अमेरिका के साथ किसी भी व्यापार समझौते में भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा: अमित शाह



**कोच्चि (भाषा)।** अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर नए शुल्क लगाए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ किसी भी व्यापार समझौते में अपने किसानों या व्यापक राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। शाह ने कोच्चि में 'मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव' में कहा, /"मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी व्यापार समझौता भारत के हितों से ऊपर नहीं होगा। गृह मंत्री ने प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक सवाल पर कहा, /"हमारे लोगों की कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसानों के हितों को खतरे में नहीं डाला जाएगा। हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें राष्ट्र हित सर्वोपरि होगा। शाह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान किया है।




## अहंकारी मत बनो, हाईकोर्ट माता-पिता की तरह हो : सुको

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले पर कहा कि हाईकोर्ट्स को न्यायिक अधिकारियों के लिए माता-पिता की तरह काम करना चाहिए। यह टिप्पणी एक महिला जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की है, जिसमें उन्होंने बेटे की शिक्षा का हवाला देते हुए ट्रांसफर की मांग की है। कोर्ट ने कहा कि याचिका सुविधा का नहीं, बल्कि उनके बेटे की शिक्षा की जरूरत से जुड़ा है। झारखंड हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अहंकारी रवैया अपनाने के बजाए महिला जज की याचिका को शालीनता के साथ देखना चाहिए।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Cat-08-2025 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस
प्रारंभ होने की तिथि व समय: 04.09.2025 को 12:00 बजे

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MOT-GMU-12-23-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) (Size 10' X 6') प्लेटफार्म नं. 1 मलोट रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-MET-GMU-169-25-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) (Size 10' X 6') स्टाल नं. 1 प्लेटफार्म नं. 1 मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 3 | Catg-UMB-KNN-SMU-166-25-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) ) अनुसूचित जाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए (Size 10' X 6') प्लेटफार्म न. 1 खन्ना रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 4 | Catg-UMB-KLK-SMU-19-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) (Size 10' X 6') अल्पसंख्यक महिला के लिए Circulating area कालका रेलवे स्टेशन | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 5 | Catg-UMB-NLDM-SMU-162-25-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) (Size 10' X 6') अनुसूचित जनजाति महिला प्लेटफार्म न. 1 नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 6 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) (Size 10' X 6') अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 7 | Catg-UMB-BXC-SMU-167-25-1(खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) (Size 10' X 6') अनुसूचित जाति महिला प्लेटफार्म न. 1 बरवाला रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 8 | Catg-UMB-RPJ-SMU-164-25-1(खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) दिव्यांग महिला के लिए size of stall is 13 "2 X 13 "2 circulating area राजपुरा रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |
| 9 | Catg-UMB-ANSB-SMU-163-25-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) (Size 10' X 6') अन्य पिछड़ा वर्ग प्लेटफार्म न. 1 आनन्दपुर रेलवे स्टेशन पर | 04.09.2025 को 12:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे। 2567/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) में कि.मी. 0.00 से 4.308 (साहा बाईपास) (रोड आईडी 10535) पुराना एनएच-73 (नया एनएच-344) के छोड़े गये भाग को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। | 21.08.2025 04.09.2025 | 520.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | शाहाबाद-बराड़ा-काला आम्ब रोड से उजाला (रोड आईडी 361) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 21.08.2025 01.09.2025 | 70.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में लघु सचिवालय में एडीसी आवास की विशेष मरम्मत (आंतरिक ई.आई. का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 21.08.2025 01.09.2025 | 19.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सोहना निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 4 अदद रोड के सुधार का प्रावधान (I) गुरूग्राम अलवर रोड से राजकीय बहुतकनीकी (रोड आईडी 3109) आश्रम तक कि.मी. 0.00 से 3.60 तक (II) जेल रोड से रिठोज ढाणी तक राजकीय महाविद्यालय रिठोज तक कि.मी. 0 से 0.500 तक (रोड आईडी-10679) (III) एचएसएएमबी से लोनिवि भ व प को हस्तांतरित सोहना दौला से दौला हरचंदपुर रोड 6116 लम्बाई 0 से 670 मी. (रोड आईडी 10681) (IV) जेल रोड से रिथोज ढाणी वाया नया गांव कि.मी. 0.00 से 1.210 (रोड आईडी 10678)। | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 234.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सोहना निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 4 अदद रोड के सुधार का प्रावधान। (I) गुरूग्राम जिले में बल्लभगढ़ समेपुर सरमाथला रोड किमी. 8.80 से 13.87 (रोड आईडी 3276) (II) बीपीडीएस रोड लाला खेरली चौपाल कि.मी. 0 से 0.260 रोड आईडी 3092 (III) गुरूग्राम फरीदाबाद रोड से बलोला तक कि.मी. 0.00 से 0.175 तक रोड आईडी 3041 (IV) निमोट घंघोला से सतलाका तक किमी. 0.00 से 0.450 तक रोड आईडी 3097. | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 180.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प जीन्द | सीआरआईएफ स्कीम के तहत जीन्द जिले में सफीदों से जीन्द रोड (एसएच-14) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 10.09.2025 | 7917.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 7 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर्स कॉलोनी में 11 अदद आवास 1130 वर्गफुट क्षेत्रफल की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 30.08.2025 | 82.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 8 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में लघु सचिवालय फेज-III, रोहतक में सोलर पावर प्लांट का प्रावधान। | 20.08.2025 01.09.2025 | 130 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (वीआरएफ सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 20.08.2025 03.09.2025 | 207.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स में 2 अदद लिफ्टों का प्रावधान (सिविल और इलैक्ट्रिकल कार्य) (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 20.08.2025 27.08.2025 | 108.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पर सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 20.08.2025 19.09.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 12 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | अम्बाला जिले में आईसीडीएस के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी की आपूर्ति के परिवहन कार्य की अधिप्राप्ति। | 14.08.2025 03.09.2025 | ईएमडी 25000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हिसार | बरवाला कस्बा : बरवाला, हिसार के 2 अदद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स से ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट के निपटान हेतु मौजूदा तालाब से गांव धिराए के निकट बहने के लिए 560 मिमी ओ/डी एचडीपीई राइजिंग मेन को बिछाने हेतु डीपीआर, पम्प चेम्बर सहित आरसीसी ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट सम्प, सीवेज सबमर्सिबल पम्पिंग सैट का निर्माण, डीजल जैन. सैट और ट्रांसफॉर्मर, स्वतंत्र फीडर, सभी प्रकार से पूर्ण 560 मिमी ओ/डी एचडीपीई पाइप पीई-100 ग्रेड 12600 मी. इत्यादि को बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 20.08.2025 12.09.2025 | 1710.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8569910916 ee2hissar@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी में गांव रावधी में (रिजर्वेयर) का पानी निकालने के लिए सभी सम्बद्ध वैद्युत एक्सेसरीज सहित एक अदद 630 केवीए ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 03.09.2025 | 47.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 15 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में कॉफी शॉप के लिए ई-नीलामी के सम्बन्ध में। | 25.08.2025 03.09.2025 | ईएमडी 6000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 16 | पंचायती राज कैथल | गुरूद्वारा के निकट पाहापुर समादा रोड पर धर्मपुरा और लदना चक्कू में बस शेल्टर का निर्माण + 4 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 16.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज करनाल | गांव ऐंचला ब्लॉक मुनक में 2 एकड़ पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 3 कार्य। | 21.08.2025 10.09.2025 | 206.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज झज्जर | 31.04- गांव सुरेहती, ब्लॉक साल्हावास, जिला झज्जर में मेन रोड से राजमल के मकान तक खेत के रास्ते का निर्माण + 1 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 68.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हीटिंग, वेंटीलेशन और एयरकंडीशनिंग (एचवीएसी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 25.08.2025 10.09.2025 | ईएमडी 2.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | रामसरन माजरा - गांव रामसरन माजरा ब्लॉक बाबैन, जिला कुरूक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 21.08.2025 12.09.2025 | 72.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 21 | सिविल हॉस्पीटल पंचकूला | पार्किंग सेवा। | 23.08.2025 27.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 22 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक के शहरी क्षेत्रों के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991369213 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 23 | वन विभाग, फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में पाली गांव में सीएम घोषणा सं. 18069 ई-निविदा। | 21.08.2025 28.08.2025 | ईएमडी 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfofbd2@gmail.com |
| 24 | पुलिस विभाग, हरियाणा | हरियाणा 112 ईआरएसएस के तहत आपातकाल प्रत्युत्तर वाहनों के लिए व्यापक कार बीमा के लिए बीमा कम्पनी का चयन। | 22.08.2025 08.09.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-29990122,113,118,119 admin.112@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/480/37980/I/88/6 दि. 22.08.25

## चिंतन

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



मानसून सत्र
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?

**संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।**

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा



को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए।

संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइज़री कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है।

ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'।

अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विडम्बना
पंकज चतुर्वेदी




# सुरक्षा बल जवानों में खुदकुशी की प्रवृत्ति खड़े कर रही सवाल

अगस्त महीने के पहले हफ्ते में ही बस्तर के कोंडागांव के बयानार सीएएफ कैंप में प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस साल के आठ महीनों में (अधिकांश बस्तर में ही) सुरक्षा बलों के 11 लोग इस तरह खुद के जीवन को समाप्त कर चुके हैं। जब केंद्र सरकार लगातार छापेमारी कर बड़े नक्सल ऑपरेशन कर रही है और अबूझमाड के उन इलाकों तक सुरक्षा बल पहुंच रहे हैं जिन्हें अभी तक 'अबूझ' कहा जाता था,जवानों में आत्महत्या की प्रवृति चिंता की बात है। दुर्भाग्य है कि जब-तब ऐसी घटनाएं होती हैं, जांच आदि के दल गठित होते हैं लेकिन हफ्ता बीतते ही जवानों को उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता जिससे हताश उनका साथी खुदकुशी कर चुका था। गत एक दशक के दौरान बस्तर में डेढ़ सौ से अधिक जवान आत्महत्या या फिर अपने ही साथी के क्रोध में मारे गए। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोई भी जवान ऐसे कदम बेहद तनाव या असुरक्षा की भावना से ग्रस्त होकर उठाता है। आखिर वे दबाव में क्यों ना हों? ना तो उन्हें साफ पानी मिल रहा है और ना ही माकूल स्वास्थ्य सेवाएं। जानकर दुख होगा कि नक्सली इलाके में सेवा दे रहे जवानों की मलेरिया जैसी बीमारी का आंकड़ा उनके लड़ते हुए शहीद होने से कहीं ज्यादा होता है। वर्ष 2020 के दौरान नक्सल हिंसाग्रस्त इस राज्य में 38 जवानों ने आत्महत्या की। अगले साल 2021 में यह संख्या 24 और 2022 में 31 हो गई। सन 2023 में 22 और 2024 में 29 जवान इस तरह असामयिक काल के गाल में समा गए। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कोई दो दशक पहले एक जांच दल बनाया था जिसकी रिपोर्ट जून-2004 में आई थी। इसमें घटिया सामाजिक परिवेश, प्रमोशन की कम संभावनाएं, अधिक काम, तनावग्रस्त कार्य, पर्यावरणीय बदलाव, वेतन-सुविधाएं जैसे मसलों पर कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें छुट्टी देने की नीति में सुधार, जवानों से नियमित वार्तालाप, शिकायत निवारण को मजबूत बनाना, मनोरंजन व खेल के अवसर उपलब्ध करवाने जैसे सुझाव थे। इन पर कागजी अमल भी हुआ, लेकिन जैसे-जैसे देश में उपद्रव ग्रस्त इलाका बढ़ता जा रहा है अर्ध सैनिक बलों व फौज के काम का दायरे में विस्तार हो रहा है। यह एक कड़ा सच है कि हर साल दंगा, नक्सलवाद, अलगाववादियों, बाढ़ और ऐसी ही विकट परिस्थितियों में संघर्ष करने वाले इस बल के लोग मैदान में लड़ते हुए मरने से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारियों से मर जाते हैं। यह बानगी है कि जिन लोगों पर हम मरने के बाद नारे लुटाने का काम करते हैं, उनकी नौकरी की शर्तें किस तरह असहनीय, नाकाफी और जोखिमभरी हैं। अपने ही साथी या अफसर को गोली मार देने के मामले भी आए रोज सामने आ रहे हैं। कुल मिलाकर सुरक्षा बल दुश्मन से नहीं, खुद से ही जूझ रही है। सुदूर बाहर से आए केंद्रीय बलों के जवान ना तो स्थानीय भूगोल से परिचित हैं, ना ही उन्हें स्थानीय बोली-भाषा-संस्कार की जानकारी होती है और ना ही उनका कोई अपना इंटेलिजेंस नेटवर्क बन पाया है। वे तो मूल रूप से स्थानीय पुलिस की सूचना या दिशा-निर्देश पर ही काम करते हैं। बस्तर में बहुत सी जगह निर्माणाधीन सड़क की निगरानी के लिए सुरक्षा बलों की दैनिक ड्यूटी लगाई जा रही है। असल में केंद्रीय फोर्स का काम दुश्मन को नष्ट करने का होता है ना कि चौकसी करने का। यह किसी से छिपा नहीं है कि स्थानीय पुलिस की फर्जी व शोषण की कार्यवाहियों के चलते दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण खाकी वर्दी पर भरोसा करते नहीं हैं। अधिकांश मामलों में स्थानीय पुलिस की गलत हरकतों का खामियाजा केंद्रीय बलों को झेलना पड़ता है।

बेहद घने जंगलों में लगतार सर्चिंग व पेट्रोलिंग का कार्य बेहद तनावभरा है, यहां दुश्मन अदृश्य है, हर दूसरे इंसान पर शक होता है, चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर फटेहाल ग्रामीण। पूरी तरह बस अविश्वास, अनजान भय और अंधी गली में मंजिल की तलाश। इस पर भी हाथ बंधे हुए, जिसकी डोर सियासती आकाओं के हाथों में है। सीआरपीएफ की रपट में यह माना गया है कि लंबे समय तक तनाव, असुरक्षा व एकांत के माहौल ने जवानों में दिल के रोग बढ़ाए हैं। वहीं घर वालों का सुख-दुख ना जान पाने का दर्द भी उनको भीतर ही भीतर तोड़ता रहता है। तिस पर वहां मनोरंजन के कोई साधन हैं नहीं और ना ही जवान के पास उसके लिए समय है। महज साफ पानी, मच्छर से निबटने के उपाय, जवानों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कुछ ऐसे उपाय हैं जो कि सरकार नहीं तो समाज अपने स्तर पर अपने जवानों के लिए मुहैया करवा सकता है ताकि जवान एकाग्र चित्त से देश के दुश्मनों से जूझ सकें।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### ऑनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है। युवाओं के लिए खतरनाक बनते आनलाइन गेम पर सरकार ने संज्ञान लेकर ऐसे ऐप पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद में बिल पेश किया। सरकार का मकसद रियल मनी गेम्स पर शिकंजा कसना है।

## करंट अफेयर

### जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई। पिछले चार वर्षों में, हमारी शोध टीम ने सात प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा लोगों की तस्वीरें और साक्षात्कार लिया। हमने उनके कामकाज के सामाजिक अर्थों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान हमें कामकाज के ऐसे सूक्ष्म व प्रत्यक्ष तरीके भी देखने को मिले जिनके कारण बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियां लोगों के कामकाजी जीवन के सामाजिक व आर्थिक ताने-बाने को बिगाड़ रही हैं। हम अपने दो प्रोजेक्ट स्थलों का उपयोग यह दर्शाने के लिए कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इन दो स्थलों में उत्तरी सस्केचवान में लाक ला रोन्ज और न्यू ब्रंसविक में ग्रैंड मनन द्वीप शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान



उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।
- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।
- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला वर्ल्ड कप : चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी मैचों की मेजबानी, नवी मुंबई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है। नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई में होगा उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और फाइनल



### कार्यक्रम में हुआ बदलाव

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा, 'हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

### स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है।




### केएससीए नहीं कर पाए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया, जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल कोलंबो

कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़

**कोलकाता।** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपए थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपए कर दी गई है। 23 जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची।

### डीपीएलः वेस्ट दिल्ली लायंस की शानदार जीत



**नई दिल्ली।** अनिरुद्ध चौधरी ने आखिरी ओवर में सात रन का अच्छी तरह से बचाव करके वेस्ट दिल्ली लायंस को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर तीन रन से रोमांचक जीत दिलाई। किंग्स के सामने 179 रन का लक्ष्य था और वह इसे हासिल करने की तरफ अच्छी तरह से बढ़ रहा था। उसे अंतिम ओवर में सिर्फ सात रन चाहिए थे, लेकिन चौधरी ने केवल तीन रन दिए और कप्तान जोंटी सिद्धू (41 गेंदों पर 56 रन) को आउट कर लायंस को यादगार जीत दिलाई। चौधरी ने तीन ओवर में 24 रन लेकर एक विकेट लिया लेकिन उनका अंतिम ओवर निर्णायक साबित हुआ।

### न्यूलैंड्स में होगा एसए20 का फाइनल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग एसए20 के आगामी सत्र का फाइनल मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स में होगा, जिसमें डरबन, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग जैसे स्थानों पर प्लेऑफ के अहम मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। लीग का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा। डरबन एसए20 में पहली बार किसी प्लेऑफ मैच की मेजबानी करेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें 21 जनवरी को क्वालीफायर एक में आमने-सामने होंगी। हाईवेल्ड क्षेत्र दो महत्वपूर्ण प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर और जोहानिसबर्ग के वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालीफायर दो के मैच शामिल है।

---

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ने खेली बेहतरीन अर्धशतकीय पारी

# ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार लगाए 4 अर्धशतक, बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंद में 88 रनों की दमदार पारी खेली। इसके साथ ही ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

दरअसल मैथ्यू ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार वनडे में लगातार 4 अर्धशतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वनडे क्रिकेट में ऐसा करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रीट्जके के नाम वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### ब्रीट्जके की वनडे क्रिकेट में शानदार शुरुआत

मैथ्यू ब्रीट्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। उस मैच में मैथ्यू ने 150 रनों की पारी खेली थी। यह वनडे डेब्यू पर खेली गई किसी भी प्लेयर की सबसे बड़ी पारी है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर उन्होंने 83 रनों की पारी खेली। वहीं अब ब्रीट्जके ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन बनाए। इसके बाद दूसरे वनडे में 88 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। ब्रीट्जके वनडे इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जिसने अपने शुरुआती चारों वनडे मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।




### सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने किया कब्जा

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 98 रनों से जीता था। अब दूसरा वनडे जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। ब्रीट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 193 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरा मैच 84 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एंगिडी ने 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। लेकिन दूसरे छोर से ज्यादा साथ नहीं मिला, जिसकी वजह से वो टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे।

### पहले 4 में ब्रीट्जके के नाम सबसे ज्यादा रन

वनडे क्रिकेट में ब्रीट्जके ने धमाकेदार शुरुआत की है। ब्रीट्जके वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया है। ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार मैच में 378 रन बना दिए। इस मामले में उन्होंने अपने ही देश के सीनियर खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा है। टेम्बा ने अपने पहले चार वनडे मैच में 280 रन बनाए थे। इसके अलावा एलन लैम्ब 279 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि निक नाइट ने 277 रन बनाए थे।

### पहले चार वनडे में सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| मैथ्यू ब्रीट्जके | 378 |
| टेम्बा बावुमा | 280 |
| एलन लैम्ब | 279 |
| निक नाइट | 277 |
| टॉम कूपर | 273 |

वहीं मैथ्यू ब्रीट्जके के की पहली चार वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने अपने वनडे डेब्यू में ही रिकॉर्ड बना दिया था। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद अपने दूसरे मैच पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 83 रनों की पारी खेली थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 57 और अपने चौथे मैच में उन्होंने 88 रनों की पारी खेली है।

---

मंगाए 6 आवेदन

# बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी में नए लोगों की होगी भर्ती

दो पुरुष और चार महिला चयनकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

### प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है। हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किन चयनकर्ताओं को बदला जाएगा, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### श्यामा को रखा जाएगा समिति में बरकरार

बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान चयन समिति में नीतू डेविड (अध्यक्ष), रेणु मार्ग्रेट, आरती वैद्य, कल्पना वेंकटचार और श्यामा डे साव शामिल हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि साव ही एकमात्र ऐसी सदस्य हैं, जिन्हें समिति में बरकरार रखा जाएगा। वर्तमान समिति ने मंगलवार को वनडे विश्व कप के लिए टीम का चयन किया था। वनडे विश्व कप अगले महीने से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। सभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है।

---

मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट

# अय्यर ने जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| मुंबई

अरविंद अय्यर ने आठ दौर में सात अंक हासिल कर दर्श शेट्टी को पछाड़ते देते हुए ऑल इंडिया शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट जीत लिया। हालांकि अय्यर और शेट्टी दोनों ने सात-सात अंक बनाए थे।

लेकिन अय्यर ने 'सुपर बुचोल्ज टाई-ब्रेक' में चैंपियनशिप जीत ली। शेट्टी उपविजेता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में महिला कैंडिडेट मास्टर कृति मयूर पटेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि रेया बैंकर और प्रदीपा जयपाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 'वेटरंस' वर्ग में विनोद चतुर्वेदी पहले स्थान पर रहे। उनके बाद गुरु प्रसाद पाटिल और अशोक गोविंदराव पाटिल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानानंदा और अरोनियन का नंबर आता है, जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

सिंकफील्ड कप




### केरल के त्रिकूद एथलीट कार्तिक ने स्वर्ण जीता

**चेन्नई।** केरल के त्रिकूद एथलीट कार्तिक उन्नीकृष्णन ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस महीने की शुरुआत में भुवनेश्वर में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले 32 वर्षीय कार्तिक ने बारिश से प्रभावित दिन में अपने छठे और अंतिम प्रयास में 16.44 मीटर के साथ सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। केरल के एक अन्य एथलीट अब्दुल्ला अबूबाकर 16.37 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण चित्रावेल ने 16.35 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चौबीस वर्षीय चित्रावेल का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 17.37 मीटर है। वह 17.22 मीटर के स्वतः प्रवेश मानक को पार कर अगले महीने तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य और इस साल मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीता था।

गौहर ने 2008 में किया था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण

# स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

### वनडे में 19.39 की औसत से लिए 66 विकेट




सुल्ताना ने संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई।' उन्होंने कहा, 'हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की।' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए। उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं।

### बांग्लादेश का राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भाग लेने से इनकार

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने शुक्रवार को कहा कि आगामी राष्ट्रमंडल सीनियर, जूनियर और युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 28 देशों के 291 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे लेकिन बांग्लादेश ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। यह टूर्नामेंट 25 से 30 अगस्त को यहां आयोजित होगा। यह चैंपियनशिप ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट है और आईडब्ल्यूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने घोषणा की कि इसका आयोजन नारनपुरा क्षेत्र में नवनिर्मित वीर सावरकर खेल परिसर में किया जाएगा। यादव ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, "भारत के 44 खिलाड़ियों सहित 28 राष्ट्रमंडल देशों के 291 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जिसमें विभिन्न वर्गों में 144 पदक (72 पुरुषों के लिए और 72 महिलाओं के लिए) दांव पर हैं।"

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : फाइनल में बनाया 253.6 का स्कोर

# एलावेनिल का जलवा, 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाकिस्तान)

भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उनका एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में ताइवान में स्वर्ण पदक जीता था।

चीन की शिनलू पेंग ने रजत और कोरिया की यूंजी क्वोन ने जीता कांस्य पदक




### मेहुली घोष चौथे स्थान पर रहीं

चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। यह वलारिवान का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में रजत और कांस्य पदक जीता था। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करके चौथे स्थान पर रहीं। वलारिवान ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन उनसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारत की दो अन्य खिलाड़ी आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए खेलने के कारण उन्हें फाइनल में जगह मिल गई।

### भारत तालिका में शीर्ष पर

वलारिवान का पदक वर्तमान प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है, जहां देश अपने जूनियर निशानेबाजों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर है। अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत को पहला सीनियर स्वर्ण पदक दिलाया था। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इस बीच भारत के जूनियर निशानेबाजों ने अपना दबदबा बनाए रखा।

### शाम्भवी,हृदय श्री और ईशा की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

शाम्भवी श्रवण, हृदय श्री कोंडूर और ईशा अनिल की तिकड़ी ने महिलाओं की जूनियर 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा में 1896.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो जूनियर विश्व और एशियाई रिकॉर्ड है। चीन और दक्षिण कोरिया की टीमों ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

नेशनल मीट 2025 में बोले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन

# अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे, लाए क्रांतिकारी परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को नेशनल मीट 2025 के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष तकनीक अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर नागरिकों की जिंदगी में बदलाव लाने का माध्यम बन चुकी है।



उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, और यही प्रगति 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसरो निरंतर अपने परिचालन अनुप्रयोगों को अधिक सटीक, तेज और उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अहम है। हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी ताकत से योगदान देंगे।

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में इसरो की भूमिका अहम

सैटेलाइट तकनीक में आज भारत विकसित देशों के बराबर खड़ा



### निसार दुनिया का सबसे महंगा उपग्रह

वी. नारायणन ने बताया कि आज भारत में 55 से अधिक अंतरिक्ष अनुप्रयोग सक्रिय हैं, जो टेलीविजन प्रसारण से लेकर मौसम पूर्वानुमान तक हर क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले हमारे पास सैटेलाइट तकनीक नहीं थी, लेकिन आज हम विकसित देशों के बराबर खड़े हैं। हाल ही में 30 जून को नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट (निसार) लॉन्च किया गया, जो दुनिया का सबसे महंगा सैटेलाइट है, और इसे इसरो ने तैयार किया और अपने रॉकेट से सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

### चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा

*इसरो प्रमुख ने 2025 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसरो ने 29 जनवरी को अपना 100वां रॉकेट लॉन्च किया। भारत अब उन चार देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक और अनडॉक किया है। साथ ही, पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देशन में शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में भेजा गया और आज चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा भारत के पास है।*

### अंतरिक्ष क्षेत्र में उभरते देशों को एकजुट करने के लिए भारत नेतृत्व करे : सारस्वत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में रुचि रखने वाले उभरते देशों को एकजुट कर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष गठबंधन बनाने में भारत को एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक विकास के लिए अंतरिक्ष परिसंपत्तियों और उपग्रह नेटवर्क की निगरानी जैसे साझा महत्व के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। भारत 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 'चंद्रयान-3' के उतरने के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाता है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अपने संबोधन में सारस्वत ने कहा कि वर्तमान परस्पर निर्भर विश्व में वैश्विक अंतरिक्ष गठबंधन एक प्रमुख आवश्यकता है, जहां भारत विभिन्न देशों के साथ अंतरिक्ष प्रणालियों, अनुप्रयोगों के विकास और उनके उपयोग पर काम कर रहा है। शीर्ष मिसाइल वैज्ञानिक ने कहा, "वैश्विक स्तर पर, नए अंतरिक्ष युग को बड़े रुझानों द्वारा परिभाषित किया जा रहा है।

आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

### भारत सैटेलाइट से लेकर आईएसएस तक की यात्रा का मनाएगा जश्न

*भारत शनिवार को दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। यह दिन सैटेलाइट से लेकर ह्यूमन स्पेसफ्लाइट तक देश की यात्रा का जश्न मानने के रूप में खास होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा पर उतरने वाले चौथे और उसके दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश के रूप में इतिहास रच दिया। यह एक ऐसा क्षण था, जिसने भविष्य में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरित किया। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र देश के तकनीकी और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वर्ष 2020 में ऐतिहासिक अंतरिक्ष सुधारों के साथ, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को उदार बनाया है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का गठन किया है।*



संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ बोले

# महिला शांति रक्षक बदलाव की मशाल यूएन मिशनों में उनकी भूमिका अहम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूएन में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने के लिये प्रयासरत भारत

पाठ्यक्रम में शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएमओसी-2025) में भाग लेने वाली 15 देशों की महिला सैन्य अधिकारियों और 12 भारतीय महिला अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान रक्षामंत्री ने उन्हें वैश्विक शांति प्रयासों में 'बदलाव की मशाल' करार दिया।

यह पाठ्यक्रम 18 से 29 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इसे संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र ने रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया है, जिसका उद्देश्य महिला अधिकारियों की पेशेवर क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।



### भारत यूएन मिशन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता

सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के नाते हमेशा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सशस्त्र सेनाओं और शांति स्थापना दलों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को मजबूत कर रहे हैं, ताकि उन्हें नेतृत्व और सेवा का समान अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी शांति अभियानों में 'अमूल्य और अनोखा दृष्टिकोण' लेकर आती हैं, जिससे स्थानीय समुदायों के साथ भरोसा मजबूत होता है, यौन हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है और मानवीय सहायता को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

### 16 देशों की महिलाएं भाग ले रहीं

इस पाठ्यक्रम में भारत सहित आर्मेनिया, डीआर कांगो, मिस्र, आइवरी कोस्ट, केन्या, किर्गिज गणराज्य, लाइबेरिया, मलेशिया, मोरक्को, नेपाल, सिएरा लियोन, श्रीलंका, तंजानिया, उरुग्वे और वियतनाम की महिला अधिकारी हिस्सा ले रही हैं। इन अधिकारियों की मौजूदगी को राजनाथ सिंह ने 'संयुक्त राष्ट्र की एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक' बताया।

### यूएन जर्नल 2025 का किया विमोचन

*इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने 'ब्लू हेलमेट ओडिसी : 75 ईयर्स ऑफ इंडियन पीसकीपिंग' शीर्षक वाली यूएन जर्नल 2025 का विमोचन भी किया, जो वैश्विक शांति में भारत के 75 वर्षों के योगदान को उजागर करता है। पाठ्यक्रम में आधुनिक शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून, नागरिकों की सुरक्षा, शरणार्थियों के अधिकार, संघर्ष से जुड़ी यौन हिंसा और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र ड्यूटी के लिए नामित एक इन्फैंट्री बटालियन द्वारा फील्ड डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।*

पाक पर कसा तंज

### पाक की स्थिति डंपर वाली, तो यह उनकी अपनी नाकामी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान पर तंज कसा है। मुनीर अपने बयान के कारण पाकिस्तान में और दुनिया भर में ट्रोल हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर दो देश एक साथ आजाद हुए, और एक ने कड़ी मेहनत, सही नीतियों और दूरदृष्टि से फेरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा अभी भी डंपर की स्थिति में है, तो यह पाकिस्तान की अपनी नाकामी है। उन्होंने कहा कि वह आसिम मुनीर के इस बयान को एक कन्फेशन के रूप में देखते हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में एक ऐसी 'कबीलाई और लुटेरी मानसिकता' की तरफ इशारा किया है, जिसका शिकार पाकिस्तान अपने जन्म से रहा है।*

### भारत व बांग्लादेश 25 से ढाका में सीमा वार्ता करेंगे

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारत व बांग्लादेश 25 अगस्त से ढाका में सीमा वार्ता शुरू करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश के असामाजिक तत्वों द्वारा उसके कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमलों से संबंधित मुद्दों को उठाएगा। पिछले साल शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहली बार होगा, जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल ढाका की यात्रा करेगा। दोनों देश 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। ये वार्ता दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों - बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) - के बीच साल में दो बार आयोजित की जाती है।

### पाक कश्मीर और सभी लंबित मुद्दों पर भारत से वार्ता के लिए तैयार: डार

**इस्लामाबाद(भाषा)।** पाक के विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश कश्मीर और अन्य सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ व्यापक बातचीत के लिए तैयार है। डार ने इस्लामाबाद में संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, "बातचीत, जब भी होगी, सिर्फ कश्मीर पर ही नहीं, बल्कि सभी मुद्दों पर होगी।" भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करेगा। डार उप-प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि भारत के साथ बातचीत किसी एक-सूत्री एजेंडा पर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने किसी मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया था।

ड्राइवर की लापरवाही से हुई दुर्घटना

## यूएस ने तत्काल सभी 'विदेशी' ट्रक ड्राइवरों का रोक दिया वीजा



मार्को रूबियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका ऐलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है। अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है और ये ट्रक और ट्रेलर चालक अमेरिकी लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं।

### ट्रक ड्राइवर पर फ्लोरिडा में चलेगा केस

*दरअसल, फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। अब ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह को आरोपों का सामना करने के लिए फ्लोरिडा के उपराज्यपाल जे कॉलिन्स विमान से उतारकर ले गए। एक्स पर पोस्ट में कॉलिन्स ने कहा कि वह और गवर्नर रॉन डेसेंटिस सिंह को वापस लाए हैं।*

**इस मुद्दे पर गरमाई अमेरिकी राजनीतिः** अब आरोपी भारतीय ट्रक ड्राइवर को अमेरिका से निर्वासित करने की तैयारी हो रही है। इस मामले में राजनीति होने की वजह ये है कि हरजिंदर सिंह को ट्रक ड्राइवर का लाइसेंस कैलिफोर्निया से मिला, जो कि डेमोक्रेट पार्टी का गढ़ है। अब ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, हरजिंदर सिंह को ड्राइविंग लाइसेंस देने के जिम्मेदार हैं।

ट्रंप टैरिफ का तोड़ निकाल रहा भारत

## कूटनीतिक माध्यमों के जरिए यूएस सांसदों से मिल रहे हैं राजदूत क्वात्रा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारत कूटनीतिक माध्यमों के जरिए समस्या का समाधान करने में जुटा हुआ है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने नौ अगस्त से अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की है। इन मुलाकातों से साफ है कि भारत-अमेरिका रिश्तों को और मजबूत करने की कोशिशें तेज हैं। उन्होंने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात कर द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। क्वात्रा ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर की चर्चा

क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों,



ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी। इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की।

ईडी की मनी लॉन्डिंग में बड़ी कार्रवाई

## नुकसान की भरपाई करने के लिए जब्त संपत्तियां बैंक को सौंपी

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'कंडाला सर्विस कोऑपरेटिव बैंक' के पूर्व अध्यक्ष और उनके परिवार से जुड़े धन शोधन के एक मामले में नुकसान की भरपाई के लिए जब्त एक करोड़ की संपत्तियां तिरुवनंतपुरम स्थित इस बैंक को नीलामी के लिए सौंप दी है। जब्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज ईडी कार्यालय में उप निदेशक एस. सिमी ने कंडाला बैंक के सचिव बैजू राज को सौंपे। यह मामला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और बैंक के पूर्व अध्यक्ष एन. भासुरंगन तथा उनके परिवार द्वारा कथित रूप से 3.22 करोड़ की हेराफेरी से जुड़ा है। आरोपियों में भासुरंगन के साथ उनकी पत्नी जयाकुमारी, बेटा अखिजित, बेटियां अस्वति और अभीमा तथा दामाद बी.आर. बालमुरुगन शामिल हैं। सभी को 21 नवंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद ईडी ने उनकी एक करोड़ की संपत्तियां जब्त कर ली थीं।

एएआई को समझौते के तहत जरूरी व्यवस्था करने का दिया था सुझाव, नहीं माना

# हिंडन एयरबेस से नागरिक विमानों की उड़ान में देरी में वायुसेना की भूमिका नहीं




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सामरिक नियम-कायदों से बंधी वायुसेना, एयरफील्ड या एएलजी से रात्रि उड़ानें असंभव

देश की राष्ट्रीय राजधानी से सटा गाजियाबाद का हिंडन एयरबेस इन दिनों नागरिक विमानों की उड़ान में हो रही देरी के लिए चर्चा में बना हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का कहना है कि इसके लिए भारतीय वायुसेना और उसके कुछ जटिल नियम जिम्मेदार हैं। लेकिन दूसरी तरफ रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिस सरकारी क्षेत्रीय संयोजकता योजना (आरसीएस- उड़ान) के तहत एएआई ने वायुसेना के देशभर में मौजूद एयरबेस और एडवांस लैंडिंग ग्राउंड से असैन्य उड़ानों के संचालन के लिए जो पंचवर्षीय समझौता किया था। उसके तहत अभी तक रनवे के इस्तेमाल, विमानों की पार्किंग से लेकर अन्य जरूरी ढांचागत व्यवस्था को पृथक आधार पर मुकम्मल नहीं किया गया है। जो कि इस पूरी समस्या की मूल जड़ है और इसका वायुसेना से तर्कसंगत आधार पर कोई लेना देना नहीं है।

### सूर्यास्त के बाद नहीं होती उड़ानें

सूत्रों ने कहा कि वायुसेना के एयरबेस चूंकि सामरिक दृष्टिकोण से अपने तमाम विमानों (लड़ाकू और परिवहन विमान, हेलिकॉप्टर शामिल) की उड़ानों और अभियानों को अंजाम देते हैं। जिसमें आपातकालीन परिस्थिति को छोड़कर सूर्योदय से उड़ानों की शुरुआत और सूर्यास्त के साथ उनके समापन का नियम लागू है, शनिवार-रविवार को सामान्यतः गतिविधियां नहीं होती हैं। लेकिन एएआई का कहना है कि सूर्यास्त के बाद भी यानी नागरिक विमानों को रात में भी एयरबेस से विमान संचालन की अनुमति प्रदान दी जाए।

### बड़े विमानों के आगमन से पड़ता भार

समझौते के बाद वायुसेना ने एएआई को हिंडन एयरबेस पर नागरिक विमानों के लिए दो पार्किंग दी थी। शुरुआत में एटीआर टर्बोप्रॉप जैसे छोटे जहाजों (40 से 70 सीटों वाले) का ही विमानन कंपनियां प्रयोग कर रही थीं। लेकिन अब जहाज का आकार बड़ा हो गया है। जिसकी वजह से एयरबेस पर यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है। हिंडन की कुल क्षमता 300 लोगों को संभालने की है। लेकिन वर्तमान में एक समय में करीब 450 लोग आ रहे हैं।

### 48 एयरफील्ड से उड़ान भरते विमान

सूत्रों ने कहा, देश में वायुसेना की कुल करीब 54 एयरफील्ड हैं। जिनमें से 39 एयरफील्ड और 9 एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) को उड़ान योजना के तहत दोहरे (सैन्य, असैन्य) इस्तेमाल के लिए चयन किया गया था। बल की मुख्य एयरफील्ड में हिंडन, श्रीनगर, लेह, कुंबीग्राम और पुणे शामिल हैं। हिंडन एयरबेस 5 हजार 425 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां से नागरिक उड़ानों की शुरुआत दिल्ली और एनसीआर के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए की गई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25